भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1760

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2023

12 श्रावण, 1945 (शक)

आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी)

1760 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सभी राष्ट्रीय खेल परिसंघों में एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) आंतरिक शिकायत समिति के पैनलों में रिक्त पदों की संख्या का परिसंघ-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आंतरिक शिकायत समितियों में कुल कितनी शिकायतें दर्ज की गई हैं और ऐसी शिकायतों पर की गई कार्रवाई का परिसंघ-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ड.): महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, और प्रतितोष) (पीओएसएच) अधिनियम, 2013 के प्रावधान राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) पर उसी प्रकार से लागू होते हैं जैसे कि इस अधिनियम में परिभाषित किसी अन्य निकाय पर। एनएसएफ द्वारा उन्हें रिपोर्ट किए गए यौन उत्पीड़न के मामलों में विद्यमान कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करना आवश्यक है।

इस मंत्रालय ने जनवरी 2023 में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल परिसंघों को उक्त अधिनियम के संदर्भ में अपनी संरचना और नीतियों की फिर से जांच करने और आवश्यक परिवर्तन/संशोधन करने के लिए लिखा है। मंत्रालय ने आईओए और राष्ट्रीय खेल परिसंघों से उनके पदाधिकारियों, कोचों, प्रशासनिक कर्मचारियों और खिलाड़ियों को खेलों में महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा है।

मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों जिनमें आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) गठित की गई है, का विवरण अनुबंध-। में दिया गया है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और वर्तमान में मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय खेल परिसंघों द्वारा 2018 से के बारे में सूचना के आधार पर कुल 5 राष्ट्रीय खेल परिसंघों ने यौन उत्पीड़न की शिकायतों की सूचना दी है जिनका विवरण अनुबंध-।। में दिया गया है।

****

अनुबंध-I

आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के संबंध में श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिनांक 03.08.2023 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1760 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

1.	अखिल भारतीय टेनिस संघ
2.	इंडियन पैनचाक सिलाट परिसंघ
3.	योगासन भारत
4.	भारतीय स्क्वैश रैकेट परिसंघ
5.	भारतीय तीरंदाज़ी संघ
6.	भारतीय सेपक टाकरा परिसंघ
7.	भारतीय एमेच्योर साफ्ट टेनिस परिसंघ
8.	भारतीय कूडो अंतरराष्ट्रीय परिसंघ
9.	भारतीय वुशू संघ
10.	भारतीय भारोत्तोलन परिसंघ
11.	भारतीय रोइंग परिसंघ
12.	भारतीय एथलेटिक्स परिसंघ
13.	भारतीय साइक्लिंग परिसंघ
14.	भारतीय एमेच्योर कबड्डी परिसंघ
15.	भारतीय खो खो परिसंघ
16.	भारतीय गोल्फ परिसंघ
17.	भारतीय जिमनास्टिक्स परिसंघ
18.	भारतीय पैरालंपिक समिति
19.	भारतीय घुड़सवारी परिसंघ
20.	भारतीय बॉक्सिंग परिसंघ
21.	हॉकी इंडिया
22.	भारतीय सेरेब्रल पाल्सी खेल परिसंघ
23.	अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ
24.	अखिल भारतीय स्कूल गेम्स परिसंघ
25.	जू-जित्सु संघ
26.	अखिल भारतीय शतरंज महासंघ
27.	वाको इंडिया किकबॉक्सिंग परिसंघ
28.	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ

29.	भारतीय शूटिंग बॉल परिसंघ
30.	भारतीय रोलर स्केटिंग परिसंघ
31.	भारतीय तैराकी परिसंघ
32.	भारतीय बास्केटबॉल परिसंघ
33.	भारतीय फेंसिंग संघ
34.	अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद
35.	विशेष ओलंपिक भारत
36.	भारतीय ब्रिज परिसघ
37.	भारतीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर परिसंघ
38.	भारतीय नेटबॉल परिसंघ
39.	भारतीय बैडमिंटन संघ
40.	टेनपिन बॉलिंग परिसंघ (भारत)
41.	भारतीय नौकायन संघ
42.	भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन
43.	भारतीय पोलो संघ
44.	भारतीय ट्रायथलॉन परिसंघ
45.	भारतीय टेबल टेनिस परिसंघ
46.	भारतीय रोल बॉल परिसंघ
47.	भारतीय आत्यापात्य परिसंघ
48.	भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट परिसंघ
49.	भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ
50.	भारतीय साइकिल पोलो परिसंघ
51.	भारतीय सॉफ्टबॉल परिसंघ
52.	भारतीय ताइक्वांडो परिसंघ
53.	भारतीय कुश्ती परिसंघ*

* वर्तमान में भारतीय कुश्ती परिसंघ के मामलों का प्रबंधन भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति द्वारा किया जा रहा है।

अनुबंध-II

आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के संबंध में श्री मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिनांक 03.08.2023 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1760 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं	एनएसएफ	वर्ष*	प्राप्त शिकायतों की संख्या	निपटाई गई शिकायतों की संख्या	ऐसे मामलों की संख्या जहां जांच पूरी हो चुकी है	उन मामलों की संख्या जहां आपराधिक मामला दर्ज किया गया है
1	भारतीय तैराकी परिसंघ	2019	1	1	1	शून्य
2	साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया	2022	1	1	1	1
3	भारतीय तीरंदाज़ी संघ	2022	1	1	1	शून्य
4	अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ	2022	1	1	1	1
5	एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया	2022	1	1	1	1
6	भारतीय कुश्ती परिसंघ	2023	1	एफआईआर दर्ज की गई और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया।		

*** 2018 से अब तक।**

***